# कार्यालय वन मण्डल अधिकारी वन मण्डल सिंगरौली (म0प्र0)

माजन मोड़ जिला पंचायत के बगल में

ईमेल–dfot.sgl@mp.gov. in. फोन–07805-233336 फैक्स–233335


पत्र क्र0 / मा0चि0 / 2198 सिंगरौली, दिनांक 7/6/2018

प्रति,

मुख्य वन संरक्षक,
रीवा वृत्त,

विषयः– एन.सी.एल. के निगाही परियोजना में ओपनकास्ट माइनिंग हेतु 874.146 हे0 वन भूमि पर उपरी तल अधिकार के नवीनीकरण प्रस्ताव क्र0 FP/MP/MIN/28571/2017 के संबंध में।

संदर्भः– आपका पत्र क्रमांक / मा0चि0 / 1542 दिनॉक 16.02.2018।

–000–

सन्दर्भित पत्र के द्वारा उल्लेखित कमियो की पूर्ति कराई गई है। बिन्दुवार वस्तुस्थिति का प्रतिवेदन निम्नानुसार है।

**बिन्दु कमांक (1)**:– अ,ब,स में उठाई गई आपत्ति के संबंध में आवेदक संस्थान ने उनके पत्र कमांक 358 दिनांक 17.04.2018 से प्रतिवेदन प्रस्तुत किया है जो मूलतः संलग्न सम्प्रेषित है।

**बिन्दु कमांक (2)**:– संस्थान द्वारा भारत सरकार से जारी की गई वन भूमि व्यपवर्तन की स्वीकृति में अधिरोपित शर्तो के पालन का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया है जो मूलतः संलग्न प्रस्तुत है पालन प्रतिवेदन से सहमति है।

**बिन्दु कमांक (3)**:– पूर्व में प्रदान की गई सैद्वांतिक स्वीकृत के पालन में किन–किन भू–खण्डो / स्थलो पर वैकल्पिक वृक्षारोपण किया गया है उनकी सूची इंस कार्यालय के मानचित्रकार अभी तक प्रस्तुत नही कर सके है। वनमण्डल के मुख्यालय का दो बार परिवर्तन हुआ है इंस कारण पुरानी नस्ती अभी तक खोज नही पाये है। मानचित्रकार नस्ती की तलाश कर रहे है प्राप्त होते ही वैकल्पिक वृक्षारोपण का मूल्यांकन करा कर पृथक से भेजा जायेगा।

**बिन्दु कमांक (4)**:– प्रस्ताव पर भाग–2 की हस्ताक्षरित प्रति संलग्न है।

**बिन्दु कमांक (5)**:– स्थल निरीक्षण रिपोर्ट की हस्ताक्षरित प्रति संलग्न है।

**बिन्दु कमांक (6)**:– वन मण्डल अधिकारी का हस्ताक्षरित अनुशंसा पत्र संलग्न है।

**बिन्दु कमांक (7)**:–यह जानकारी इस कार्यालय के राजस्व शाखा द्वारा प्रस्तुत नही की जा सकी है। पृथक से भेजी जावेगी।

प्रस्ताव की चार मूल प्रतियॉ पुनः प्रस्तुत है।

संलग्नः–

1. प्रस्ताव मूलतः 04 प्रतियों में।
2. आवेदक संस्थान द्वारा प्राप्त पत्र व दस्तावेज।
3. उपरोक्त वर्णित बिन्दु क्र0 4,5,6 के दस्तावेज।

(ए.एस. तिवारी)
वन मण्डल अधिकारी
वन मण्डल सिंगरौली

पृ0क्र0 / मा0चि0 / 2199 सिंगरौली दिनांक 7/6/2018

प्रतिलिपिः– अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध) मध्यप्रदेश सतपुड़ा भवन भोपाल म0प्र0 की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित।

वन मण्डल अधिकारी
वन मण्डल सिंगरौली

nigahi project